ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म

प्रलिम्सि के लयि:

कंप्यूटर इमरजेंसी रस्पिांस ससि्टम (सरट-इन), ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर, गटिहब, गॉवटेक 3.0।

मेन्स के लयि:

ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर पर सरकार की नीत, ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर्स के फायदे और नुकसान।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में गटिहब, एक ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर रपिॉजटिरी सेवा का उपयोग भारत में एक महलिा का यौन उत्पीड़न करने हेतु आपत्तजिनक नाम वाले एप को बनाने और साझा करने के लयि कयिा गया था।

- एप ने उनके सोशल मीडयिा हैंडल से चुराई गई महलिाओं की तस्वीरों का इस्तेमाल कयिा और "उपयोगकर्त्ताओं" को उनके लयि बोली लगाने के लयि आमंत्रति कयिा।
- गटिहब ने उपयोगकर्त्ता को अवरुद्ध कर दयिा है और भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतक्रियिा प्रणाली को "एक उच्च स्तरीय समति" बनाने के लयि कहा गया है।

गटिहब:

- गटिहब दुनयिा का सबसे बड़ा ओपन-सोर्स डेवलपर कम्युनटिी प्लेटफॉर्म है जहाँ उपयोगकर्त्ता अपनी परयिोजनाओं और कोड को दूसरों को देखने और संपादति करने के लयि अपलोड करते हैं।
- प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर गटि का उपयोग करता है, जसि वर्ष 2005 में ओपन-सोर्स ऑपरेटगि ससि्टम लनिक्स के डेवलपर लनिुस ट्रोवाल्ड्स द्वारा बनाया गया था, ताक फाइलों के एक सेट में परविर्तन और सॉफ्टवेयर में समन्वय के लयि ट्रैक कयिा जा सके।

प्रमुख बदिु

- **ओपन-सोर्स का अर्थ: ओपन सोर्स शब्द का अर्थ कुछ ऐसा है जसि लोग संशोधति और साझा कर सकते हैं क्योंक इसका डज़िाइन सार्वजनकि रूप से सुलभ है।**
  - **अंतर्नहिति सदि्धांत:** ओपन सोर्स प्रोजेक्ट, उत्पाद या पहल के सदि्धांतों को स्वीकार और उनका पालन करते हैं-
    - खुला वनिमिय,
    - सहयोगात्मक भागीदारी,
    - तीव्र प्रोटोटाइपगि,
    - पारदर्शतिा,
    - मेरटिोक्रेसी
    - समुदायोन्मुखी वकिास।
- **ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर: ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (ओएसएस) वह सॉफ्टवेयर है अपने सोर्स कोड के साथ वतिरति कयिा जाता है, जो इसे अपने मूल अधकिारों के साथ उपयोग, संशोधन और वतिरण के लयि उपलब्ध कराता है।**
  - सोर्स कोड सॉफ्टवेयर का वह हस्सिा है जसि अधकिांश कंप्यूटर उपयोगकर्त्ता कभी नहीं देखते हैं।
  - इस कोड का प्रयोग कंप्यूटर प्रोग्रामर प्रोग्राम या एप्लीकेशन के व्यवहार को नयिंत्रति करने हेतु हेरफेर के लयि कयिा है।
  - ओएसएस में आमतौर पर एक लाइसेंस शामलि होता है जो प्रोग्रामर को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार सबसे सुलभ तरीके से सॉफ्टवेयर को संशोधति करने की अनुमत देता है और यह नयिंत्रति करता है क सॉफ्टवेयर कैसे वतिरति कयिा जा सकता है।

    - सोर्स कोड को स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराने का विचार वर्ष 1983 में MIT के एक प्रोग्रामर रिचर्ड स्टॉलमैन द्वारा अनौपचारिक रूप से स्थापित एक वैचारिक आंदोलन से उत्पन्न हुआ था।
    - लिनक्स, मोज़िला फायरफॉक्स, वीएलसी मीडिया प्लेयर, सुगर CRM आदि प्रमुख उदाहरण हैं।
- **क्लोज्ड सोर्स या प्रोपराइटरी सॉफ्टवेयर:** क्लोज़्ड सोर्स सॉफ्टवेयर वह सॉफ्टवेयर होता है जो सोर्स कोड को सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड रखता है।
    - **अर्थात् उपयोगकर्त्ता किसी प्रकार के परिणाम के बिना कोड के कुछ हिस्सों को कॉपी, संशोधित या हटा नहीं सकता है।**

नोट:

- जबकि एप्पल के आईफोन्स (iOS) का ऑपरेटिंग सिस्टम क्लोज्ड सोर्स (Closed Source) है, जिसका अर्थ है कि इसे कानूनी रूप से संशोधित या रिवर्स इंजीनियर नहीं किया जा सकता है, गूगल का एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम ओपन-सोर्स (Open-Source) है और इसलिये यह संभव है कि सैमसंग, Xiaomi, वनप्लस आदि जैसे स्मार्टफोन निर्माताओं द्वारा इन्हें संशोधित किया जा सके।
- **OSS पर सरकार की नीति**
    - भारत सरकार ने 2015 में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर को अपनाने पर एक नीति जारी की थी।
    - **शिक्षा के लिये मुफ्त और मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर (FOSSEE) परियोजना :** यह शैक्षिक संस्थानों में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देने वाली एक परियोजना है।
        - यह शिक्षण संस्थानों में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देने वाली परियोजना है। यह निर्देशात्मक सामग्री (स्पोकन ट्यूटोरियल), डॉक्यूमेंटेशन, (टेक्स्ट बुक सामग्री), जागरूकता कार्यक्रम (कॉन्फ्रेंस, ट्रेनिंग वर्कशॉप और इंटर्नशिप) के माध्यम से कराया जाता है।
    - सरकार ने **आरोग्य सेतु ऐप** के एंड्रॉयड वर्ज़न को भी ओपन सोर्स के माध्यम से बनाया है।
    - OSS को बढ़ावा देना **GovTech 3.0** का एक हिस्सा है।
        - Gov Tech 3.0 मुक्त डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र (ODEs) पर केंद्रित है। यह सरकार को 'डिजिटल कॉमन्स' बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिये प्रोत्साहित करता है।

आगे की राह

- सरकार को अपराधियों के खिलाफ तत्काल, अनुकरणीय कार्रवाई करनी चाहिये। इस तरह के आपराधिक व्यवहार पर बिना लागत के बस एप को बंद करने से दंड से मुक्ति को बढ़ावा मिलेगा।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/open-source-software-platform